रणजीत टाइम्स
इंदौर
बुधवार, 27 अगस्त, 2025
वर्ष 01 | अंक 214 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे



॥श्री॥
॥ वक्रतुंड महाकाय सुर्यकोटी समप्रभ निर्विघ्नं कुरुमेदेवः सर्वकार्येषु सर्वदा ॥

## श्री गणेश तत्व की जागृति का पर्व है

# गणेश चतुर्थी

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम गणेश उत्सव मनाने जा रहे है। प्रतिवर्ष हम गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। श्री गणेश जी 'विद्या का देवता' या आद्यदेव' भी कहा जाता है। किसी भी कार्य को करने से पहले हम श्री गणेश की पूजा करते हैं। स्वातंत्र्यपूर्व काल में संपूर्ण भारतीय समाज को अंग्रेजों के खिलाफ जागृत करने के लिये राष्ट्रभक्त लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 'गणेशोत्सव' मनाने का फैसला लिया और संपूर्ण समाज को जागृत कर अपने भारत देश की स्वतंत्रता की राह प्रशस्त की। प. पू. श्री माताजी प्रणित सहजयोग एक शास्त्रीय, नैसर्गिक और अनुभूति जन्य ध्यान पद्धति है। जिसके द्वारा हम हमारे अंत - स्थित श्री गणेश को जानते है। हमारा ये सुंदर शरीर ही भगवान का मंदिर है और इस मंदिर में सभी देवी-देवता विराजमान हैं। सहजयोग दो शब्दों से मिलकर बना है, 'सहज' जिसका अर्थ है 'सह' और 'ज' अर्थात् आपके साथ जन्मा हुआ और योग, शब्द का अर्थ है 'जोड़ना, मेल करना' । योग शब्द का अर्थ है चित्त वृत्ति का ' निरोध' अर्थात 'निर्विचार' अवस्था या ध्यान का अनुभव लेना । हम कहते हैं कि, सहज योग ध्यान एक पद्धति है। इसे हम शास्त्र के माध्यम से जान सकते हैं । जब गणपति अथर्वशीर्ष में अथर्व ऋषि, भगवान गणेश की आराधना करते हुए कहते हैं कि, "त्वं मूलाधार स्थितोसि नित्यम्।" आध देवता थी गणेश हमारे सूक्ष्मशरीर में सुषुम्ना नाड़ी पर स्थित प्रथम चक्र मूलाधार में स्थित हैं । सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के पश्चात् जब हम, हमारे प्रथम चक्र मूलाधार पर चित्तस्थिर कर ध्यान और प्रार्थना करते हैं कि, गणेश हमें पावनता, अबोधिता, सदसद् विवेक और मंगलमयता हमें प्रदान कीजिये।



हमें हमारे आद्यदेव "शिव और शक्ति" के प्रति संपूर्ण श्रद्धा और समर्पण दीजिये, हमें ऐसा व्यक्तित्व प्रदान कीजिये कि हम आपको खुश और प्रसन्न कर सकें। तो भगवान श्रीगणेश की कृपा से हमारी माँ स्वरुपिणी कुंडलिनी शक्ति उर्ध्वगामी होकर शीतल चैतन्य लहरियों से हमें आशीर्वादित करती हैं। धीरे-धीरे हम ध्यान में परिपक्व होते जाते हैं और हम श्रीगणेश की कृपा से स्थिर, एकाग्र वर्तमान का आनंद लेने वाले, प्रसन्न चित्त, आकर्षक और सतोगुणी बन जाते हैं। इस गणेश चतुर्थी को श्री गणेश का लाल जासवंदी के फूल व हरी-हरी दुर्वा व मोदक से पूजन के साथ सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार को पक्का करते हैं तथा हृदय से जानते हैं अपने अंदर स्थित श्री गणेश को।

पूर्णतः निःशुल्क सहजयोग के अनगिनत लाभों से लाभान्वित होने हेतु जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

## बाबा रामदेव जी महाराज का जन्म उत्सव मनाया विशाल शौभायात्रा निकाली गई

**हाटपीपल्या नगर के अति प्राचीन रामदेव जी महाराज मंदिर से बाबा रामदेव जी की दूज जन्मोत्सव पर विशाल चल समारोह शोभायात्रा में भक्त विशाल ध्वजाएं लेकर बाबा रामदेव जी की झांकियां और डीजे के साथ बाबा रामदेव की सवारी घोड़े पर सवार होकर निकाली।**

इस दौरान मंदिर को सजाया गया आरती भजन संध्या आयोजित की और अंत में महाआरती व महाप्रसाद का आयोजन वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग भाग लेते हैं। सर्वप्रथम बाबा रामदेव मंदिर से विशाल शौभायात्रा बैंड बाजे व डिजे के साथ हजारों लोगों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई निकाली गई। यात्रा में मंदिर पुजारी विक्रम भगत धनगर दुवारा कलश अपने हाथों में कलश लिए चले जिसका पुजन अम्बेडकर चौराहे पर पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शांतिलाल तंवर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संजय प्रेम जोशी (जन परिषद अध्यक्ष हाटपीपल्या चैप्टर) विक्रम मामा पर्बत सिंह खरसोदिया नारायण श्रीमाली पंकज पाठक संजय चंद्रवाल पिन्टू जमोड़ियां पप्पु बालानी एहसान मंसूरी अनिल धोसरिया पत्रकार बंटी गरोठिया उपस्थित रहे।बस स्टैंड पर पार्षद राजेश तंवर मित्र मंडल द्वारा लीलाधाम पर ज्यौतिषाचार्या कन्हैयालाल सोनी परिवार द्वारा सभी का तिलक निकालकर भेंट दी गई। गांधी चौक पर सुनील गवली जूनागढ़ में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर परिवार द्वारा बजरंग चौराहा पर प्रवीण कुमार जायसवाल परिवार द्वारा पुजन किया गया। चल समारोह में डीजे पर महिलाएं थिरकती नजर आई युवाओं द्वारा ढोल पर नाचते हुए चले बच्चों द्वारा झांझ मंजीरा बजाकर बाबा रामदेव जी का अभिवादन किया गया चल समारोह मंदिर में पहुंचने पर भव्य आरती कर चुरमें की महा प्रसाद का वितरण किया गया।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महू ने किया वृक्षारोपण

## सुपरसिटी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रोपे गए फलदार पौधे

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) महू द्वारा रविवार को सुपरसिटी स्वास्थ्य केंद्र, महू गांव परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सकों एवं IMA पदाधिकारियों ने आम, जामुन, कटहल और सीताफल जैसे फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में डॉ. गोपाल तिवारी, डॉ. अश्विनी जायसवाल, डॉ. सचिन सोलंकी, डॉ. संगीता सोलंकी, IMA अध्यक्ष डॉ. सौरभ तिवारी, डॉ. प्रशांत दुबे और डॉ. स्वर्णा दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर इंदौर से आए MBA विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कार्यक्रम में चिकित्सकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को समाज की जिम्मेदारी बताते हुए भविष्य में भी इस तरह की सार्थक पहल जारी रखने का संकल्प लिया गया। डॉ. सचिन सोलंकी का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा, वहीं अध्यक्षता डॉ. सौरभ तिवारी ने की। सभी उपस्थित चिकित्सकों ने इस प्रयास को प्रेरणादायक बताते हुए इसे समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी कदम बताया। IMA महू ने आश्वस्त किया कि संस्था आगे भी इसी तरह के सामाजिक और जनहितकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

# शक्कर से टक्कर

## अभियान के तहत पौधारोपण



**महू।** "शक्कर से टक्कर" अभियान के तहत रविवार को सीमा नेगी योग ग्रुप और चांदनी क्लब द्वारा पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम चांदनी क्लब की संचालिका एवं समाजसेवी एडवोकेट शोभा व्यास के जन्मदिन पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ समाजसेवी, योगा ग्रुप प्रमुख प्रतिमा नारद विशेष अतिथि रहीं। इस अवसर पर कैंटोनमेंट गार्डन परिसर में इंसुलिन, आंवला, नीम और जामुन के पौधे लगाए गए। पौधारोपण में स्वाति शर्मा, विनीता शर्मा, नीता तिवारी, निशा सुपत, सीमा तोलानी और राखी शर्मा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## गुजरखेड़ा में होगा भव्य गणेश उत्सव

# निकलेगा चल समारोह

महू के ग्राम गुजरखेड़ा में इस वर्ष गणेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। गुजरखेड़ा के राजा के दरबार में कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए हैं। भव्य चल समारोह 27 अगस्त, बुधवार को शाम 5 बजे साईं मंदिर चौराहा से प्रारंभ होकर होली चौक तक निकलेगा। इस अवसर पर संत श्री दादू महाराज जी एवं श्री रामदत्त गोस्वामी जी का सानिध्य रहेगा। चल समारोह में स्थानीय ग्रामीण सहित कई गणमान्य शामिल होंगे। इसके साथ ही 31 अगस्त को विशाल भंडारे एवं श्री खाटूश्याम भजन संध्या का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से गुजरखेड़ा होली चौक पर रखा गया है। गणेशोत्सव के आयोजक विकास अशोक पाल (पहलवान) ने बताया कि महाकाल संस्था, महू द्वारा किए जा रहे । इस आयोजन में समाज के सभी वर्गों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से

# शनिश्चरी अमावस्या पर भगवान शनि देव का विशेष श्रृंगार, श्रद्धालुओं को बांटी प्रसादी

स्थानीय गवली पलासिया स्थित भेरूलाल पाटीदार कॉलेज के सामने शनि मंदिर पर शनिवार को शनिश्चर्य अमावस्या धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान जहां मंदिर को आकर्षित फूलों से सजाया गया तो वही भगवान शनिदेव का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर पुजारी प.पंकज जोशी ने बताया कि शनिश्चर्य अमावस के पावन मौके पर सुबह से ही दर्शन करने के लिए श्रद्धालु आने लगे। इस दौरान मंदिर में विशेष पूजा की गई। इसके साथ ही मंदिर में भगवान शनि देव को प्रसादी चढ़ा कर श्रद्धालुओं को बांटी गई। देर रात को हुई महाआरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।



# सामायिक स्वाध्याय से, अशुभ कर्म कट जाते है उपप्रवर्तक श्रुतमुनि जी महाराज

## आज संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा

इंदौर 1 ज्ञान लेगें सुनेगें तो आयेगा , अन्तरआत्मा से ग्रहण करों अन्तरआत्मा को जगा लो, सामायिक स्वाध्याय करते सारे कर्म कट जाते है, श्रावक अगर जीवन में एक सामायिक का महत्व समझ ले, पालन कर ले, ओर नियम बना ले, तो कर्म बंध नहीं होगें ओर प्रयत्न ओर पुरूषार्थ करने वाला कभी हारता नहीं है जो यह चाहता है कि वो सब कुछ कर सकता है तो वह कर लेता है सामायिक नोंवां व्रत कहलाया है सामायिक से पाप, कर्म, दोष, निंदा रूकती है और 12 व्रत कि पालना हो जाती है ओर छः काया कि रक्षा होती है उपप्रवर्तक श्रुतमुनि जी महाराज ने आज के प्रवचन के वी पुण्य कि कमाई एक सामायिक विषय पर बोलते हुऐ कहा कि हमें देव तुल्य जन्म मिला है जीवन बार-बार मिलने वाला नहीं हैं। सामायिक, स्वाध्याय, अभय दान, जीवदया से अपने जीवन वो सार्थक करों पिछले अन्नत पुण्य कर्मो से ही यह जीवन मिला है कल सवत्संरी महापर्व है आलोचना का पाठ होगा। तपस्वियों का बहुमान होगा अन्तगंढ़ सूत्र का वाचन ओर अर्थ तप शिरोमणी अक्षर मुनी जी महाराज ने बताया। कल का विषय रहेगा खोलो हाथ का द्वार पर प्रवचन होंगे आज की धर्मसभा डिपीन जैन, रमेश भंडारी, डॉ. नेरन्द्र धाकड़, अचल चैधरी, शरद मेहता, हेमन्त बोहरा, जिनेश्वर जैन, नरेन्द्र मेहता, टी.सी. जैन, सुरेश देशलहरा आदि बड़ी संख्या में महानुभाव उपस्थित थे धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया।

# नपा अफसरों की मिलीभगत से सरकारी ज़मीन पर हुआ कब्ज़ा

## नगर पालिका की बेशकीमती ज़मीन का सबसे बड़ा घोटाला-ग्रीनलैंड की जमीन पर खड़ा हुआ कॉम्प्लेक्स

**खरगोन । नगर पालिका खरगोन की करोड़ों की शासकीय भूमि पर भूमाफियाओं ने कब्ज़ा कर दिया है। मामला नगर पटवारी हल्का नंबर 42 औरंगपुरा स्थित खसरा नंबर 29 का है, जिसकी 1.5180 हेक्टेयर भूमि मास्टर प्लान में शासकीय प्रयोजन हेतु सुरक्षित रखी गई है। लेकिन यहां यश इंटरप्राइजेस के साझेदारों ने नियमों को ताक पर रखकर ग्रीनलैंड पर ही अवैध कॉम्प्लेक्स खड़ा कर दिया।**

### कैसे हुआ घोटाला?

साझेदारों ने निजी भूमि खसरा 30/2/1 पर "सुखपुरी कॉलोनी" के नाम से भूखंड काटकर नपा से आवासीय अनुमति ली। अनुमति मिलने के बाद आवासीय निर्माण के बजाय वहां व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बना दिया गया। दुकानों और भूखंडों की खुलेआम बिक्री कर करोड़ों का मुनाफा कमाया गया। हैरानी की बात यह कि निर्माण का बड़ा हिस्सा नगर पालिका की शासकीय भूमि (खसरा 29) पर खड़ा कर दिया गया।

### मास्टर प्लान की उड़ी धज्जियां

खसरा 30/1 और 30/2/1 को मास्टर प्लान में ग्रीनलैंड घोषित किया गया था। ग्रीनलैंड में सिर्फ वृक्षारोपण की अनुमति है, निर्माण सख्ती से वर्जित। इसके बावजूद कॉलोनियां और कॉम्प्लेक्स खड़े कर मास्टर प्लान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गईं।

### सवालों के घेरे में कई बड़े बागड़-बिल्ले शासकीय भूमि पर कब्ज़ा कैसे हुआ?

ग्रीनलैंड पर कॉम्प्लेक्स की अनुमति किस आधार पर दी गई? आरआई, नपा इंजीनियर और एसोसिएट की भूमिका संदिग्ध क्यों है? नगर पालिका की आंखों के सामने इतना बड़ा खेल चलता रहा?

### जनता की मांग हो सख्त कार्रवाई

खरगोन की जनता इस पूरे घोटाले पर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रही है। जानकारों का कहना है कि यदि खसरा नंबर 29 का पुनः सीमांकन कराया गया तो यह घोटाला शहर के अब तक के सबसे बड़े भूमि घोटालों में से एक साबित होगा। साफ है कि अफसरों और भूमाफियाओं की मिलीभगत के बिना यह खेल संभव नहीं था। अब देखना है कि प्रशासन इस जमीन घोटाले में शामिल बड़े नामों पर क्या कार्रवाई करता है।

# पौधा रोपण कर महाविद्यालय में एनएसएस पंजीयन काउंटर का शुभारंभ किया

रणजीत टाइम्स

शाजापुर । जिले के अग्रणी महाविद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के. एस.एन. गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एनएसएस पंजीयन काउंटर का शुभारंभ पौधा रोपण कर किया। एनएसएस इकाई की यह पंजीयन प्रक्रिया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फ़ा के नेतृत्व में महाविद्यालय में प्रवेशित नवीन विद्यार्थियो को एनएसएस से जोड़ने के लिए पूरे एक सप्ताह तक चलेगी। एनएसएस यूनिट एंबेसडर रवि कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व




विकास करना तथा विद्यार्थियों में समाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना का विकाश करना है। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना में विभिन्न स्तर के शिविरों के आयोजन के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर तक के विभिन्न पुरस्कारों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। एनएसएस पंजीयन काउंटर प्रभारी के रूप में एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद तथा एसयूओ शिवम् परिहार को नियुक्त किया गया, जो अपनी एनएसएस टीम के साथ मिलकर नवीन विद्यार्थियो का एनएसएस में पंजीयन कर एनएसएस की जानकारी देंगे। इस अवसर पर आशीष परमार, सुमन गोयल, विकास गिरी, इसराइल खां, सूरज राय, रविंद्र राजपुत, विजेन्द्र राजपुत, सलोनी परमार एवं अन्य

## हरितालिका तीज की रही धूम महिलाओं ने किया रात भर जागरण

रणजीत टाइम्स

**मक्सी /गाणेश चतुर्थी के एक दिन पहले महिलाओं द्वारा मानाये जाने वाले त्यौहार हरतालिका तीज पर रही दूम धर्म ग्रंथों के अनुसार इस दिन महिलाएं पूरे दिन बिना कुछ खाए-पिए व्रत रखती हैं तथा भगवान शिव व पार्वती की पूजा करती हैं।**



मान्यता है कि ये व्रत करने से कुंवारी कन्याओं को अच्छे वर की प्राप्ति होती है और विवाहित महिलाओं का सौभाग्य अखंड बना रहता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि इस दिन भगवान शिव व माता पार्वती को प्रसन्न करने के लिए कुछ विशेष उपाय किए जाएं तो भक्त की हर मनोकामना पूरी हो सकती है। ये उपाय देवी भागवत व शिवपुराण में बताए गए हैं- नित्यकर्म से निवृत होकर महिलाये तिल तथा आंवला के चूर्ण से स्नान करती हे। आम की चौकी पर केले के पत्ते का मंडप बनाकर शंकर भगवान और माँ पार्वती की मिटटी की या शिव पार्वती की मूर्ति स्थापित कर या किसी शिव जी के मंदिर या घर पर शिवलिंग के सामने पूर्वमुखी होकर तथा आसान पर बैठकर गौरी-शंकर का विधिवत संयुक्त पूजन करती हे। सर्वप्रथम शुद्धघी का दीपक जला कर तत्पश्चात सीधे (दाहिने) हाथ में अक्षत रोली बेलपत्र मूंग फूल और पानी लेकर इस मंत्र से उमामहेश्वरसायुज्य स संकल्प करती हे। और पूरी रात को जागरण करती हे।

# आईजा महिला विंग का हुआ गठन, प्रदेश अध्यक्ष बनी रूचि चोविश्या जैन



## 5 अक्टूबर को होने जा रहा पत्रकारो का महा सम्मेलन

रणजीत टाइम्स

इंदौर । ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा मध्य प्रदेश आईजा महिला विंग का गठन किया। इस अवसर पर रूचि चोविश्या जैन इंदौर को महिला विंग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी के साथ डॉक्टर किरण जैन को आईजा महिला विंग का प्रदेश महासचिव एंव किरण रांका आष्टा को प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ श्रीमति नम्रता जैन सैनानी को आईजा महिला विंग का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया।

उल्लेखनीय है कि पहली बार आईजा द्वारा पत्रकारो की महिला विंग का गठन किया गया है। इस मौके पर महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रूचि चोविश्या जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश में आईजा महिला विंग का संभाग,जिला स्तर पर शीघ्र गठन किया जाएगा। उन्होने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को गुरूवर जगत पूज्य गुरुवर निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में म.प्र के अशोकनगर जिले में राष्ट्रीय स्तर का पत्रकारो का महासम्मेलन एंव जैन महिला पत्रकारो का सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। उक्त सम्मेलन में देशभर से वरिष्ठ पत्रकारो के साथ राजनेता व आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होंगें।

# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस लगातार कर रही है शांति समिति की बैठक व मोहल्ला मीटिंग

### पुलिस ने सभी समुदाय के लोगों से शांति व भाईचारे से त्योहार मनाने की अपील की







**रणजीत टाइम्स**

खरगोन ।पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को समाज के गणमान्य नागरिको की बैठक ली जाने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी क्रम मे जिले के समस्त थानों एवं चौकियों पर कानून व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए थाना व चौकी क्षेत्रों के शांति समिति के सदस्य व समाज के गणमान्य नागरिको की बैठक ली गई है । बैठक मे सभी क्षेत्र वासियों से आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में उनके सहयोग करने की अपील की गई । उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा भी इस पहल को सराहा गया व आगामी त्यौहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण भाई चारे से गणेश उत्सव,डोल ग्यारह,अनंत चतुर्दशी,विसर्जन एवं ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाने के सम्बन्ध में प्रत्येक समुदाय के लोगों ने आश्वासन दिया है एवं पुलिस एवं प्रशासन का हरसंभव सहयोग करने हेतु आश्वासन दिया है। साथ ही उक्त शांति समिति की बैठक व मोहल्ला मीटिंग मे कई विषयों पर चर्चा की गई जिसमे विशेष कर सभी क्षेत्र वासियों से फेक न्यूज , रुमर्स और अफवाहों से बचने की अपील की । सोशल मीडिया पर शेयर होती हर विडियोज व मैसेज पर बिना जांचे व बिना सोचे समझे यकीन न करे । साथ में चेतावनी दी कि सांप्रदायिक हिंसा भड़काने वालो पर कड़ी करवाई की जाएगी । इस संबंध मे जारी हुई प्रतिबंधात्मक आदेश की भी जानकारी दी गई ।

## मोटर साइकल चोरी करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

### आरोपी के कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकल जप्त

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था । प्राप्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना करही पर पुलिस टीम ने मोटर साइकल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने सफलता हासिल की है ।

17 अगस्त 025 को थाना करही पर फरियादी गोपाल ने अपनी बजाज कंपनी की प्लेटिना मोटर साईकिल क्र. MP10M M0907 जो उसने रात्रि में अपने घर के सामने खड़ी की थी किसी अज्ञात बदमाश के द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर से थाना करही पर अपराध क्रमांक 258/25 धारा 303(2) BNS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल व एसडीओपी बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी करही निरीक्षक राजेन्द्र इंगले के नेतृत्व में थाना करही से पुलिस टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया गया व आसपास के क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए व मुखबिरों को भी सक्रिय कर घटना से जुड़ी जानकारी देने के लिए लगाया गया। पुलिस टीम ने उक्त चोरी के मामले में संदिग्धों को चिन्हित किया गया व संदिग्धों के संबंध मे जानकारी जुटाई गयी । इसके अलावा टीम ने पुलिस का पुराना तरीका अपनाते हुए मुखबिरों को सक्रिय कर चिन्हित संदिग्धों कि जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया। परिणामस्वरूप पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, उक्त चोरी की घटना में ग्राम बेरफड़ के एक विधिविरुद्ध बालक के होने की संभावना है। प्राप्त सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम के द्वारा तत्काल विधिविरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया जिससे मनोवैज्ञानिक व बारीकी से पूछताछ करने पर उसने उक्त चोरी एवं 07 अगस्त को भी ग्राम चिंनगुन से 01 और अन्य मोटर साइकल भी चोरी करना स्वीकार किया* जिसे पुलिस रिकार्ड में चेक करने पर उसपर थाना बलवाड़ा पर अपराध क्रमांक 256/25 धारा 303(2) भारतीय न्याय सहिंता का पंजीबद्ध होना पाया गया । पुलिस टीम के द्वारा आरोपी की निशानदेही पर दोनों अपराधों में चोरी गई मोटरसाइकलों कीमती लगभग 1,00,000/- रुपये को जप्त किया गया है ।




### उक्त की गई कार्यवाही

एसडीओपी बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी करही निरीक्षक राजेन्द्र इंगले के नेतृत्व में सउनि अजय तमोलिया, प्र. आर.596 रवि, आर.350 अनुराग, आर. 78 मुकेश, म.आर. 1035 मंजु व थाना करही के अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदक को ट्राई साइकिल प्रदाय की

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (एडिप योजना) अंतर्गत श्री राकेश पिता राजू मैडा निवासी सागड़िया तहसील पेटलावद को जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत करने पर कलेक्टर नेहा मीना द्वारा ट्राई साइकिल प्रदाय की गई।श्री राकेश पिता राजू मैडा द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर नेहा मीना के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन दिया कि दैनिक जीवन में आवागमन की सुलभता हेतु ट्राई साइकिल की मांग की गयी। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग उप संचालक से उपलब्धता के बारें में जानकारी लेकर एडिप योजनान्तर्गत ट्राई साइकिल दिये जाने हेतु निर्देशित किया। ट्राई साइकिल भेंट करने के उपरांत कलेक्टर नेहा मीना ने श्री राकेश पिता राजू मैडा से पूछा कि वे ट्राई साइकिल का उपयोग का किस तरह से करेंगे। जिसका श्री राकेश पिता राजू मैडा ने सहर्ष जवाब कि वे ट्राई साइकिल का उपयोग पढ़ाई के लिए कोचिंग जाने में एवं अन्य किसी कार्य करने में करेंगे। साइकिल प्राप्त होने पर उन्होंने कलेक्टर नेहा मीना का धन्यवाद दिया ।. इस दौरान उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री पंकज सांवले उपस्थित रहे।

## सरदारपुर मे 4 सितंबर को भजन संध्या मे गोकुल शर्मा व शशांक तिवारी देंगे प्रस्तुती बालीपुर धाम के गुरूदेव योगेश महाराज के पावन सानिध्य मे होगा आयोजन

सरदारपुर । सरदारपुर नगर के बस स्टैण्ड पर देश प्रेमी मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणेश महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन का यह छटा वर्ष है। इस वर्ष आकर्षक गणेश प्रतिमा महाराष्ट्र के कलाकार द्वारा बनाई गई है जिसकी स्थापना गणेश चतुर्थी के दिन की जाएगी। दिनांक 4 सितंबर 2025 को खेल परिसर मैदान सरदारपुर पर बालीपुर धाम के गुरूदेव श्रीश्री 1008 योगेश महाराज के पावन सानिध्य मे आयोजित भव्य भजन संध्या मे देश के प्रसिध्द भजन गायक गोकुल शर्मा राजस्थान एवं हिन्दुत्व गायक कलाकार शशांक तिवारी कुन्दनपुर अपने भजनो की शानदार प्रस्तुती देंगे, भजन संध्या रात्रि 8 बजे प्रारंभ होंगी। देश प्रेमी मित्र मंडल द्वारा बालीपुर धाम के गुरूदेव योगेश महाराज को बालीपुर धाम पहुचकर निमंत्रण दिया। वही दिनांक 30 अगस्त से 5 सितंबर तक बस स्टैण्ड पर रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट स्पर्धा का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमे प्रथम पुरूस्कार 7000 एवं द्वितीय पुरूस्कार 4000 रूपये रखा गया है। उक्त जानकारी मंडल के विष्णु चोधरी द्वारा दी गई।

# बद्रीविशाल मंदिर में हरतालिका तीज पर्व पर माता पार्वतीजी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई






**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन / नागदा जं. I श्री बद्रीविशाल मंदिर में हरतालिका तीज पर माता पार्वती जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तीन दिवसीय मूर्ति प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के अन्तर्गत पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं हवन हुआ। मूर्ति प्रतिष्ठा एवं पूजन कार्य श्री गोरधनलालजी चम्पालालजी राजेशजी मजावदिया रतलामी सेव परिवार द्वारा सम्पन्न हुआ। आज हरतालिका तीज के अवसर पर हवन की पूर्णाहूति के पश्चात् दोपहर 12 बजे माता पार्वती जी की महाआरती हुई व प्रसादी का विरण किया गया। हवन एवं पूजन पं. चन्द्रशेखरजी दवे द्वारा सम्पन्न कराया गया। महाआरती में समाज अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पोरवाल, सुरेन्द्र पोरवाल, रमेशचन्द्र फरक्या, कमल पोरवाल, नागुलाल पोरवाल, अशोक सेठिया, जगदीश पोरवाल, गोरधनलाल खजूरीवाला, राकेश फर्नाखेड़ी, नवीन मेहता, पियुष सेठिया, राकेश वेद, विनय पोरवाल, गोरधनलाल पोरवाल, विजय पोरवाल, राजेन्द्र पोरवाल, राजेश पोरवाल, राहुल पोरवाल, राकेश अभिनव, अभिषेक पोरवाल, मोहित पोरवाल, पवन पोरवाल सहित समाजजन व महिलाएं व भक्तगण उपस्थित थे। यह जानकारी योगेन्द्र पोरवाल ने दी है।

## तेंदुए ने किया ग्रामीण पर हमला, ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल

**रणजीत टाइम्स**



खेतिया संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुओं की बढ़ती संख्या के चलते क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है ।कल देर शाम अपने खेत में बैलों को चारा पानी करने गए किसान राजू बागुल पर गन्ने के खेत में छुपे तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया उन्होंने अपने पास की छतरी से बचाव करने की कोशिश की,तेंदुए ने सिर,गर्दन गाल पर नोच लिया घबराते राजू अपने घर पहुंचे तेंदुए के हमले की बात कही उन्हें ग्रामीणों की सहायता से स्वास्थ्य केंद्र खेतिया लाया गया स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर पटेल व डॉक्टर कणेश ने उनका उपचार किया एवं उनकी स्थिति स्थिर बताई है। तेंदुए की हमले की सूचना मिलते ही अस्पताल में भारी भिड़े एकत्रित हो गई वहीं वन विभाग का अमला भी सक्रिय हुआ वन विभाग के अधिकारी बीएल खन्ना अस्पताल पहुंचे घटना की पुष्टि करते हुए उन्होंने बताया कि शाम 7 -7:30 बजे खेत के किनारे की घटना है ,तेंदुए ने किसान राजू पर हमला किया जिसकी सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी वहां पहुंचे साथ ही घायल व्यक्ति का पूरा इलाज कराया जा रहा है जिनकी स्थिति फिलहाल ठीक है।तेंदुए को पकड़ने हेतु इंतजाम किए जा रहे है ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुओं की बढ़ती संख्या के साथ तेंदुओं के हमले की घटना के साथ-साथ अनेक बार तेंदुए देखे जा रहे हैं । वन विभाग सूचना मिलने के बाद व्यवस्थाएं जुटाता है जहां एक और लगातार बढ़ते तेंदुए की संख्या के अनुरूप फिलहाल वन विभाग के पास संसाधन उपलब्ध नहीं है वहीं तेंदुओं की हमले से जानवरों की घायल होने, जानवरों को मार दिए जाने के साथ नागरिकों को घायल किए जाने की घटनाएं होने लगी पिछले समय में,खेतिया के पेट्रोल पंप, निसरपुर गौशाला ,भडगोंन बेड़िया मलगाँव,करनपुरा, राखी, धावड़ी जंगल में तेंदुओ ने जानवरों को अपना शिकार बनाया था, भडगोंन में एक बालिका को भी अपने साथ खींच कर ले गया था । कई बार खेतिया सेंधवा मार्ग से जाने वाले राहगीरों ने भी तेंदुए को सड़क पार करते हुए देखा है। तेंदुओं की बढ़ती संख्या के साथ भय का माहौल जरूर बना है वहीं घायल नागरिक की स्थिति स्थिर बनी हुई है वन विभाग द्वारा तेंदुओं को पकड़ने की इंतजाम किए जा रहे हैं।

## प्रभारी कलेक्टर ने की जनसुनवाई , आये 48 आवेदन



**रणजीत टाइम्स**

बड़वानी I मंगलवार को हुई जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर सुश्री काजल जावला एवं संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश, डिप्टी कलेक्टर श्री शक्तिसिंह चौहान ने संयुक्त जनसुनवाई करते हुये 48 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

## नवकिरण सामाजिक संस्था द्वारा मिट्टी के गणेश बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षक का संदेश

**रणजीत टाइम्स**



उज्जैन / नागदा जं. I नामकरण सामाजिक संस्था ने प्रतिवर्षानुसार गणेशोत्सव के पूर्व अपने ग्रुप सदस्यों के साथ रेलवे कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पर मिट्टी के गणेश जी बनाये। संस्था अध्यक्ष श्रीमती मीना अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था की 35 महिलाओं ने मिट्टी के गणेश जी बनाकर पर्यावरण संरक्षण के तहत यह संदेश दिया कि गणेशोत्सव के 10 दिवस पश्चात् घर में ही गणेश जी का विसर्जन करें। कार्यक्रम में गणेश जी की मूर्ति बनाने वाली महिलाओं में विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया जिसके अन्तर्गत महिलाओं को आकर्षक उपहार दिये गये। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में श्रीमती उर्मिला डांगरा और श्रीमती निर्मला शर्मा रही। कार्यक्रम में आभार स्नेहलता तोषाण और शोभना ने माना। इस मौके पर संगीता भारद्वाज, चेतन उपाध्याय, कल्पना मारवाड़ी, जसविंदर कौर, दुर्गा लीलानी, निर्मला शर्मा, किरण पोरवाल, ज्योति पोरवाल, किरण रघुवंशी, सीमा बिफोर टेलर्स, शोभना रानी पोरवाल, सुनीता, प्रीति, निधि शर्मा, मीना अग्रवाल, उर्मिला डांगरा, किरण रघुवंशी, दुर्गा लीलानी, कल्पना मारवाड़ी, चेतना उपाध्याय, ज्योति पोरवाल, किरण पोरवाल, रानी पोरवाल, श्रीकांता अग्रवाल, निर्मला शर्मा, शोभना मेवाड़, सुनीता शर्मा, निधि शर्मा, हेमा रामरूपका, दीपा, पलक, अर्चना सोनी, अन्नपूर्णा शर्मा



# हरतालिका तीज पर निर्जल रहकर शिवपार्वती की आराधना की विवाहिताओ ने अखंड सौभाग्य की कामना की

रणजीत टाइम्स

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया।



इस अवसर पर सुहागिन और कन्याओ ने निर्जल और निराहार व्रत रखकर शिव पार्वती की उपासना की। परंपरा अनुसार महिलाओं ने दिनभर जल तक ग्रहण नहीं किया और रात्रि में भगवान शिव, माता पार्वती जी, गणेश जी कार्तिकेय नंदी जी का सामूहिक पूजन किया।

### हरतालिका तीज को लेकर महिलाओं को कन्याओं में विशेष उत्साह देखा जाता है

महिलाए पारंपरिक हरे वस्त्र, मेहंदी बिंदी और चूड़ियों से सजी-धजी नजर आई।दोपहर से ही घर घर में पूजन की तैयारियों को किया जा रहा था। शाम को समूह बनाकर कथा का श्रवण किया। रात भर जागरण कर भक्ति भाव से शिव पार्वती की आराधना की। शशि सोडाणी ने बताया कि माता पार्वती ने कठोर तप कर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था।

इसी तपस्या की स्मृति में हरतालिका तीज का व्रत करती है। नीलिमा दवे, पुष्पा राठौर ने बताया कि विवाहित स्त्रियां अखंड सौभाग्य और दांपत्य सुख की कामना करती है, तो अविवाहित कन्याएं योग्य वर हेतु प्रार्थना करती है।

## महाविद्यालय में माटी गणेश सिद्ध - गणेश अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

रणजीत टाइम्स

पिपलौदा। शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य प्रकाश कुमार भालसे के मार्गदर्शन में एवं सांस्कृतिक साहित्यिक नोडल डॉ. ऋचा पचौरी के निर्देशन में गणेश उत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता की दृष्टि से प्लास्टर ऑफ पेरिस के स्थान पर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं के निर्माण एवं स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माटी के गणेश सिद्ध गणेश अभियान का प्रारंभ किया गया।

### नजब मंसूरी, गुलाम अब्बास सहित छात्र छात्राओं ने बनाए मिट्टी के गणेश

महाविद्यालय के छात्र छात्राओं में मोनिका जायसवाल, वैशाली जायसवाल, प्रियांशी परिहार, अंगूरबाला मीणा, नजब मंसूरी, पायलमाली, फतेहसिंह खराड़ी, निलेश गोयल, गुलाम अब्बास, अनिल भगोरा द्वारा मिट्टी से गणपति की सुन्दर




मूर्तियों का निर्माण किया गया।साथ ही विद्यार्थियों को बताया गया कि वे अपने परिवारजनों को मिट्टी से बने गणपति खरीदने के लिए प्रेरित कर वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के भाव का संदेश दे, और सेल्फी विथ माटी गणेश लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड भी की तथा मेरी सरकार पोर्टल पर डिजिटल शपथ लेकर ई प्रमाण पत्र प्राप्त करें। कार्यक्रम मे प्राध्यापक डॉ.श्वेता जोशी,डॉ .सरिता सोनी, डॉ. अर्चना आर्य, प्रो.माला वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### राजगढ़ में पयुर्षण पर्व के सातवें दिन अनेक आयोजन

## तपस्वियों की वधामणा का कार्यक्रम भी हुआ 27 तारीख को संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा

रणजीत टाइम्स

राजगढ़ I महापर्व पर्यूषण के सातवें दिन नगर के राजेंद्र भवन मैं कल्पसूत्र का वाचन परम पूज्य गच्छाधिपती हितेशचंद सुरिश्वरजी म सा के आज्ञानुवर्ती मुनी पुष्पेंद्रविजयजी म. सा,मुनी रूपेंद्रविजयजी म सा. एवं मुनि जीतचंद्रविजयजी म सा के पावन सानिध्य में सतत जारी है। मंगलवार को प्रवचन के दौरान 8 उपवास एवं उससे अधिक तपस्या करने वाले 33 आराधको का वधामणा का कार्यक्रम हुआ ।सभी तपस्वियों का वरघोडा सकल श्रीसघं के साथ शांतिनाथजी मंदिर से बैंड बाजे के साथ प्रारंभ हुआ जो राजेंद्र भवन पर समाप्त हुआ ।समस्त तपस्वियों की वधामणा की बोली का लाभ अशोककुमार दुलीचंदजी चंडालिया परिवार राजगढ़ वाले ने लिया ।लाभार्थी परिवार के सभी सदस्यों ने सभी तपस्वियो की अक्षत और फूलों से वधामणा किया एवं उन्हें श्रीफल एवं प्रभावना भी वितरित की गई ।लाभार्थी परिवार का चातुर्मास समिति एवं सकल श्री संघ की ओर से बहुमान भी किया गया। पर्यूषण पर्व में अनेक श्रावक श्राविका तप के साथ पौषध भी ले रहे हैं ।पर्यूषण पर्व के समापन पर 27 तारीख को संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा एवं सामूहिक क्षमापना का आयोजन भी होगा ।सभी समाजजनों में पर्यूषण पर्व को लेकर बहुत उत्साह का माहौल है। समाज के सभी वरिष्ठजन एवं चातुर्मास समिति के सभी सदस्य व्यवस्थाओं में लगे हुए है।



# भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राजवाड़ा पर किया गया कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और राहुल गांधी का पुतला दहन

## प्रदेश की मातृशक्ति पर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर किया गया पुतला दहन

### महिला मोर्चा ने प्रदेश की मातृशक्ति से माफी मांगने को कहा

रणजीत टाइम्स

**इंदौर। कांग्रेस के प्रदेश पर अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की मातृशक्ति पर दिए गए अभद्र बयान जिसमें उन्होंने मध्यप्रदेश की महिलाओं को सबसे ज्यादा शराब पीने वाली बताया है जो कि शर्मनाक और आपत्तिजनक बयान है।**

महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती शैलजा मिश्रा ने कहा कि हरतालिका तीज जैसे पावन अवसर पर जब देशभर की महिलाएं श्रद्धा और आस्था के साथ निर्जला व्रत रखती हैं, उस दिन प्रदेश भर कि मातृशक्ति का अपमान करना कांग्रेस की दूषित मानसिकता को उजागर करता है।क्या यही कांग्रेस की महिलाओं के प्रति असली सोच है क्या राहुल गांधी के इशारे पर जीतू पटवारी तीज जैसे पवित्र पर्व पर महिलाओं का घोर अपमान कर रहे हैं भारतीय संस्कृति और मातृशक्ति का अपमान करने वाली कांग्रेस की यह संकीर्ण व दूषित सोच प्रदेश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। महिला मोर्चा ने मांग की है कि जीतू पटवारी को इस टिप्पणी के लिए सभी मातृशक्तियों से माफी मांगनी होगी।



इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री श्रीमती सविता अखंड, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती कंचन गिदवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती वृंदा गौड़, नगर मंत्री श्रीमती अनीता व्यास, नगर मंत्री श्रीमती ज्योति पंडित सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

रणजीत टाइम्स



वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥

विनायक चतुर्थी शुभकामनाएं

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ

वक्रतुंड महाकाय, सूर्यकोटि समप्रभ
विघ्नहर्ता, मंगलमूर्ति श्री गणेश आप सभी के जीवन में खुशहाली, समृद्धि और आनंद का संचार करें।
इस गणेश उत्सव पर आइए हम सब मिलकर संकल्प लें – एकता, सद्भाव और हरियाली से भरे भारत का निर्माण करें।
रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24 परिवार की ओर से आप सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ
आपका गोपाल गावंडे
संपादक – रणजीत टाइम्स एवं राजनीति 24

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ

हिन्दू जागरण मंच जिला संयोजक सुमित हार्डिया जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।



आपका जीवन सुख, समृद्धि और सफलता से परिपूर्ण रहे। ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं समाज सेवा का संबल प्रदान करें।
जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएँ

बधाई कर्ता: राजेश धाकड़ पत्रकार

### बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को मिली जान से मारने की धमकी, सुरक्षा की मांग को लेकर वैष्णव बैरागी ब्राह्मण समाज ने दिया ज्ञापन

राजेश धाकड़




इंदौर, बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सनातनी हिन्दू नेता मनोज परमार को हाल ही में जान से मारने की धमकी मिलने के बाद आज वैष्णव बैरागी ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस सुरक्षा की मांग को लेकर कमिश्नर कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मनोज परमार समाज और राष्ट्र के लिए लगातार सक्रिय रहकर आवाज़ उठाते हैं। ऐसी स्थिति में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन रजत वैष्णव, विमल भाईसाहब, दयाल भाईसाहब, राधे जी, बबलू जी, प्रकाश और अनिल विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि समय रहते प्रशासन सुरक्षा प्रदान नहीं करता है तो समाज आंदोलन करने पर विवश होगा। समाजजनों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन शीघ्र ही सकारात्मक कदम उठाकर मनोज परमार को आवश्यक पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराएगा।





# जवाहर टेकरी के राजा का भव्य चल समारोह

सनातनी मंडली के नेतृत्व में आप सब सादर

आमंत्रित हो समय दोपहर बारह बजे

निवेदन कर्ता- चेतन मालवीय ,(त्यागी) गोलू मालवीय (डेनी)

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना हैं

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स